# उदंती टाइगर रिजर्व में बाघ के पांव के मिले निशान, वन विभाग की टीम जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर/गरियाबंद

- बीस दिनों के भीतर उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में दो स्थाने पर मिला है निशान

यूं तो उदंती, सीतानदी टाईगर रिजर्व के जंगल वन्य प्राणियों से गुलजार है, यहां के जंगलों से तेंदुआ, भालू, हिरण, चीतल सहित विलुप्त प्रजाति के जंगली जानवरों की चहलकदमी करते हुए और पक्षियों की तस्वीरें आती रहती है,लेकिन इस बार उदंती सीतानदी अभ्यारण से टाईगर के पग चिन्ह मिलने की बेहद सुखद ख़बर सामने आई है, जिसके के बाद से वन विभाग अलर्ट हो गई है। जैसे ही टाईगर के पैरों के निशान मिलने की सूचना वन विभाग को मिली वैसे ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर पग चिन्हों के प्लास्टर मोड लिया है। जानकारी के मुताबिक टाईगर के पग चिन्ह मिलने का पूरा मामला उदंती, सीतानदी टाईगर रिजर्व के अरसीकन्हार परिक्षेत्र का है, जहां ▶▶शेष पेज 13 पर




### जंगल में भालुओं के पैरों के मिले निशान

इस पूरे मामले में सीतानदी, उदंती टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक ने वरुण जैन ने अरसीकन्हार रेंज में बाघ के पग चिन्ह मिलने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि करीब बीस दिन पूर्व कुल्हाड़ीघाट क्षेत्र में टाईगर के पग चिन्ह मिला था और अरसीकन्हार रेंज में जिससे टीम मौके पर पहुंचकर पग चिन्ह प्लास्टर मोड़ माप लिया है। वहीं क्षेत्र के जंगल में भालूओं द्वारा भागने के पैरों के निशान मिले है, जिससे आशंका है कि हो सकता है भालू बाघ को देखकर भागे होंगे। बताया कि एआई कैमरा लगाया जाएगा जिससे उसके लोकेशन का पता चल सके साथ लोगों को अलर्ट रहने के साथ किसी भी ग्रामीणों के मवेशी की शिकर या गायब होने पर सूचना देने की बात लोगों से कहा गया जिससे टाईगर के लोकेशन का पता चल सके।

## खबर संक्षेप

### राजीव गांधी के पुण्यतिथि पर कार्यक्रम 21 को

**मैनपुर।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के पुण्य तिथि के अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा राजीव गांधी गोद ग्राम कुल्हाड़ीघाट में श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया है ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव एवं महामंत्री गेंदु यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी सन 1985 में कुल्हाड़ीघाट पहुचे थे और यहां कमार आदिवासी जनजाति के रहन सहन को करीब से देखा था तथा विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समाज के विकास के लिए अनेक योजना राजीव गांधी द्वारा चलाई गई। राजीव गांधी के शहादत के बाद कुल्हाड़ीघाट में कांग्रेस द्वारा राजीव गांधी की प्रतिमा लगाई गई है और 21 मई दिन बुधवार को सुबह 10 बजे ब्लाक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा कुल्हाड़ीघाट पहुंचकर राजीव गांधी के पुण्य तिथि पर श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया है।



### करेंट से भैंस की मौत

**राजिम।** ग्राम दुतकैया खपरी में एक भैंस की मौत करेंट से हो गई। जानकारी के अनुसार गांव के ट्रांसफॉर्मर से न्यूट्रल में भी करेंट प्रवाहित हो रहा है। घरों के एलईडी लाइट का स्वीच ऑफ होने पर भी जलता है। सुशासन त्योहार में गांव के छात्र दीपेंद्र साहू ने इस संबंध में विभाग को लिखित शिकायत दर्ज कराया था। विभाग द्वारा 1 मई की तारीख पर दो दिनों में मरम्मत का आश्वासन दिया गया था जो सुशासन त्योहार के वेबसाइट पर भी उपलब्ध है, किंतु 17 मई तक ट्रांसफॉर्मर की स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। इस संबंध में भारतीय किसान यूनियन गरियाबंद जिला संयोजक मदन साहू ने शासन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा है कि भैंस मालिक आनंद साहू को उचित मुआवजा दी जाए।



## आंधी से भारी नुकसान, बिजली आपूर्ति ठप



**नवापारा-राजिम।** ग्राम परसदा में शुक्रवार को तेज आंधी-तूफान एवं बारिश की वजह से जनजीवन काफी प्रभावित हुआ। सरपंच रमेश वर्मा ने बताया कि तेज बारिश एवं आंधी तूफान से बिहारी साहू, रमेशर साहू,नरेन्द्र साहू एवं रमेश वर्मा की टीन शेड हवा में उड़ गए। वहीं गांव में 30-40 पेड़ गिर गए जिसके वजह से बिजली के पोल टूट कर गिर जाने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित रही। टीकू यादव ने बताया कि हवा का दबाव इतना था कि पचास मीटर दूर से उड़कर टीन शेड गांव के मुख्य रास्ते में गिर जाने के कारण रात भर आवागमन बाधित होने के कारण लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

## सड़क पर सामान रखना मना उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर में ट्रैफिक की विकराल समस्या को देखते हुए अब नगर पालिका प्रशासन कार्रवाई के मुड में दिख रहा है। शनिवार और गुरूवार को रेत भरी हाइवा को लेकर शहर का माहोल काफी गर्म रहा। माइनिंग व पुलिस अधिकारियो के साथ नागरिको की जमकर बहस हुई लिहाजा सीएमओ प्रदीप मिश्रा ने 13 मई को एक विशेष बैठक बुलाकर यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए व्यापारी संघ के प्रतिनिधिमंडल के साथ चर्चा किए। चर्चा में यह तय किया गया कि दुकान के बाहर जो अतिरिक्त सामान रखा जाता है उसे रोड पर अंकित सफेद पट्टी के अंदर रखने की बात हुई। कहा गया कि नालियों के ऊपर बने पाटों पर सामान रखा जा सकता है लेकिन नाली के बाहर अधिक दूरी तक सामान फै लाकर अब नही रखा जा सकेगा। इसके लिए चार दिन का समय 17 मई तक दिया गया। संभवतया कुछ दिनो में नगर पालिका प्रशासन द्वारा गंज रोड ;सदर रोड या अन्य सभी जगह का आकस्मिक निरीक्षण किया जा सकता है। इसके साथ ही लापरवाही पाए जाने पर कार्यवाही की जा सकती है। इस निर्णय को सभी व्यापारिक संगठनों को प्रेषित करने के लिए कहा गया। नगर पालिका प्रशासन ने सभी व्यापारी बंधुओ से आग्रह किया है कि इस निर्णय के अनुसार स्वयं ही दुकान के बाहर रखे हुए अतिरिक्त सामान को व्यवस्थित कर रखा जाए और स्थानीय प्रशासन को सहयोग देवें।

## सड़क पर उतरे यमराज, बिना हेलमेट वालों को दी हिदायत

**मैनपुर।** मैनपुर नगर के मुख्य सड़क पर सोमवार को अचानक यमराज उतर आए और उन सभी लोगों को पकड़ा जो यातायात नियमों का पालन नहीं कर रहे थे तथा उन्हे समझाइए दिया कि यातायात नियमों का पालन करें। साथ ही फ्री में बाईक सवारों को जिसके पार हेलमेट नहीं था उसे हेलमेट वितरण किया। ज्ञात हो कि तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में सड़क सुरक्षा के तहत कार्यक्रम का अयोजन किया गया था यमराज के वेश में कलाकार ने बिना हेलमेंट की बाईक व और सीटबेल्ट के बिना कार चलाने वाले को रोका कहा अगर यातायात नियमों का पालन करोगे तो यमराज से दूरी बनी रहेगी। सड़क नियमों पर ध्यान नहीं देने पर इसका गंभीर परिणाम सामने आयेगा। यमराज के वेशभूषा कलाकार ने यातायात नियम के पालन करने की हिदायत दी।



## जल जीवन का संकेतक है ऊदबिलाव

# पहली बार कैमरे में कैद हुई है यूरेशियन ऊदबिलाव की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंदध/मैनपुर

गरियाबंद जिले स्थित उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व की जैव विविधता में एक नया और अहम नाम जुड़ गया है। यहां पहली बार कैमरा ट्रैप में यूरेशियन ऊदबिलाव की तस्वीर दर्ज हुई है। यह न केवल जंगल की समृद्धि का प्रमाण है, बल्कि पूरे राज्य के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि भी है। यूरेशियन ऊदबिलाव को पारिस्थितिकी तंत्र का स्वास्थ्य संकेतक माना जाता है। यह केवल स्वच्छ जल स्त्रोतों में ही पाया जाता है, जहां पर्यावरण संतुलित और समृद्ध होता है। ऐसे में इसकी उपस्थिति यह संकेत देती है कि उदंती-सीतानदी क्षेत्र की नदियां, नाले और जलस्त्रोत जैविक रूप से स्वस्थ हैं। यह ऐतिहासिक सफलता छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा की तीन वर्षों की मेहनत का नतीजा है। जैव विविधता बोर्ड के सहयोग से चलाए जा रहे ऊदबिलाव अध्ययन परियोजना के तहत इस खोज को अंजाम दिया गया। रिजर्व के भीतर विशेष रणनीति के तहत कैमरा ट्रैप लगाए गए, जिसके बाद यह दुर्लभ प्राणी पहली बार स्पष्ट रूप में कैमरे में कैद हो सका।

**डीएफओ के मार्गदर्शन में मिली सफलता-** छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा की टीम ने उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के डीएफओ वरुण जैन (IFS) के मार्गदर्शन ▶▶शेष पेज 13 पर

### वन विभाग और वैज्ञानिकों की साझा जीत



पीसीसीएफ वाइल्डलाइफ)सुधीर अग्रवाल, पीसीसीएफ (विकास एवं योजना) अरुण पांडेय और जैव विविधता बोर्ड के सदस्य सचिव राजेश चंदेले ने इस पूरे अभियान को दिशा दी। परियोजना में प्रमुख अन्वेषक के रूप में जूलॉजिस्ट निधि सिंह ने नेतृत्व किया। टीम में बॉटनिस्ट दिनेश कुमार, जनविज्ञानी विश्वास मेश्राम, पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. वाय.के. सोना, पक्षी विज्ञानी सर्वज्ञा सिंह, शोधकर्ता सुमित सिंह और शिक्षाविद फ्रंक अगस्टिन नंद जैसे विशेषज्ञ शामिल रहे।


GOAL®
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute

1800+
Success Stories of Chhattisgarh & A Lagecy of Excellence

GOAL छत्तीसगढ़ के सफल छात्रों को AIIMS & JMC RAIPUR में पढ़ने का मौका मिला NEET 2024

NEET की सटीक तैयारी, Goal Institute के साथ !



इस वर्ष नीट 2025 में कठिन प्रश्न आने के बावजूद भी GOAL के 42 QUESTION MATCHED हुए

| NEET 2025 QUESTION | GOAL TEST 2024-25 | DATE |
|---|---|---|
| Q.2 | AITS Flash Back-02 (Q.NO.-50) | 08.09.2024 |
| | SPOT TEST-02 (Q.NO-29) | 22.01.2025 |
| Q.3 | AITS F.B.-04 (Q.NO-13) | 01.12.2024 |
| Q.8 | DPP-25 (Q.NO-02) | 21.04.2025 |
| Q.9 | AITS MAJOR TEST-09 (Q.NO-138) | 13.04.2025 |
| Q.11 | DPP-09 (Q.NO-02) | 11.03.2025 |
| Q.20 | DPP-11 (Q.NO-43) | 18.03.2025 |
| Q.27 | DPP-25 (Q.NO-22) | 21.04.2025 |
| Q.32 | SPOT TEST-14 (Q.NO-13) | 23.04.2025 |
| Q.33 | AITS MAJOR TEST -5 (Q.NO-148) | 16.03.2025 |
| Q.34 | AITS MAJOR TEST-10 (Q.NO-148) | 20.04.2025 |
| Q.42 | AITS MIN TEST-01 (Q.NO-06) | 30.06.2024 |
| Q.43 | AITS FLASH BACK-02 (Q.NO-48) | 08.09.2024 |
| Q.45 | MIN TEST-10 (Q.NO-50) | 29.12.2024 |
| Q.48 | DPP-25 (Q.NO-83) | 21.04.2025 |
| Q.51 | AITS MIN TEST-06 (Q.NO-80) | 06.10.2024 |
| | AITS MAJOR TEST-06 (Q.NO-20) | 23.03.2025 |
| Q.53 | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-38) | 23.02.2025 |
| | AITS MAJOR TEST-04 (Q.NO-180) | 09.03.2025 |
| | AITS MIN TEST-04 (Q.NO-79) | 25.08.2024 |
| Q.57 | DPP-03 (Q.NO-90) | 28.02.2025 |
| Q.61 | DPP-06 (Q.NO-83) | 06.03.2025 |
| Q.64* | AITS MIN TEST-08 (Q.NO-93) | 07.11.2024 |
| | SPOT TEST-05 (Q.NO-174) | 19.02.2025 |
| | DPP-02 (Q.NO-156) | 25.02.2025 |
| | DPP-03 (Q.NO-87)* | 28.02.2025 |
| Q.67 | AITS MAJOR TEST-09 (Q.NO-36) | 13.04.2025 |
| Q.69* | DPP-10 (Q.NO-70)* | 17.03.2025 |
| | DPP-20 (Q.NO-71) | 11.04.2025 |
| Q.72 | AITS F.B.-02 (Q.NO-54) | 08.09.2024 |
| | DPP-16 (Q.NO-66) | 28.03.2025 |

| NEET 2025 QUESTION | GOAL TEST 2024-25 | DATE |
|---|---|---|
| Q.75 | AITS MIN TEST-05 (Q.NO-75) | 22.09.2024 |
| Q.79 | AITS MAJOR TEST-04 (Q.NO-150) | 03.03.2025 |
| | SPOT TEST-04 (Q.NO-62) | 09.03.2025 |
| Q.99 | AITS MAJOR TEST-11 (Q.NO-67) | 27.04.2025 |
| | DPP-19 (Q.NO-150) | 10.04.2025 |
| Q.103 | AITS MIN TEST-09 (Q.NO-170) | 15.12.2024 |
| Q.105 | AITS MIN TEST-09 (Q.NO-189) | 15.12.2024 |
| | DPP-21 (Q.NO-144) | 14.04.2025 |
| Q.106 | DPP-03 (Q.NO-163) | 28.02.2025 |
| Q.116 | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-102) | 23.02.2025 |
| Q.117 | AITS F.B.-02 (Q.NO-108) | 08.09.2024 |
| Q.122* | AITS MIN TEST-05 (Q.NO.137)* | 22.09.2024 |
| | DPP-18 (Q.NO-137) | 07.04.2025 |
| Q.144 | AITS MIN TEST-08 (Q.NO-146) | 17.11.2024 |
| Q.150 | AITS MAJOR TEST-01 (Q.NO-158) | 16.02.2025 |
| Q.152 | AITS MAJOR TEST-01 (Q.NO-168) | 16.02.2025 |
| | AITS MAJOR TEST-01 (Q.NO-118) | 16.02.2025 |
| | AITS MAJOR TEST-05 (Q.NO-07) | 16.02.2025 |
| Q.155* | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-166)* | 23.02.2025 |
| | AITS MAJOR TEST-03 (Q.NO-31)* | 02.03.2025 |
| | DPP-18 (Q.NO-124) | 07.04.2025 |
| Q.156 | AITS MINORTEST-02 (Q.NO-132) | 09.02.2025 |
| Q.163 | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-124) | 23.02.2025 |
| | SPOT TEST-05 (Q.NO-54) | 19.02.2025 |
| Q.166 | AITS MIN TEST-01 (Q.NO-188) | 30.06.2024 |
| Q.169 | AITS MIN TEST-02 (Q.NO-194) | 14.07.2024 |
| Q.175 | AITS MIN TEST-02 (Q.NO-169) | 14.07.2024 |
| Q.180 | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-114) | 23.02.2025 |
| | SPOT TEST-13 (Q.NO-79) | 16.04.2025 |
| | DPP-25 (Q.NO-94) | 21.04.2025 |

NEET-2025
Question Paper With Answer Key
TYPE : https://bit.ly/4lW8feR

DIRECT ADMISSION
Goal Bhilai & Bilaspur Centre with Scholarship in Chhattisgarh

- For CBSE Board (Top 20 Merit Students) 70%
- For State Board (Top 20 Merit Students) 70%
- For Army Family's Child 50%
- For JNV Students 50%
- For 2nd & 3rd Dropper Students 40%
- For All Dropper Students 25%

ADMISSION OPEN - 2025-26

DROPPER BATCH
For NEET / JEE- Classes Starts on
23rd, 30th May & 06th, 13th, 20th, 27th, June 2025

FOUNDATION BATCH
For 11th & 12th - Classes Starts on
23rd May & 02nd June 2025

BHILAI: 166, NEW CIVIC CENTRE PH- 0788-4013502 Mob: 74158-84100 98269-43595
RAIPUR: BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711 Mob: 77720-60999
BILASPUR: 2ND FLOOR, AMBE TRADE CENTRE, CMD, LINK ROAD, PH- 07752-320345 Mob: 99264-54100

GOAL BRANCHES : DELHI | PATNA | RANCH | DHANBAD www.goalinstitute.org goal institute_bhilai goalinstitutebhilai

## खबर संक्षेप



### रायपुर एयरपोर्ट में पायलट और बैज का किया स्वागत

**रायपुर।** जांजगीर-चांपा में संविधान बचाओ यात्रा में शामिल होने पहुंचे कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पीसीसी छत्तीसगढ़ के प्रभारी सचिन पायलट तथा पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज का नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने रविवार को रायपुर एयरपोर्ट पर सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत किया। श्री पायलट संविधान बचाओ यात्रा में शामिल होने रायपुर पहुंचे हैं।

### स्काईवॉक का निर्माण शहर की जरूरत : शुक्ला

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शिवसेना के प्रदेश प्रवक्ता संतोष शुक्ला ने विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार के कार्यकाल में 2016-17 में शहर के मध्य स्काईवॉक का निर्माण कार्य तत्कालीन पीडब्ल्यूडी मंत्री राजेश मूणत द्वारा शुरू कराया गया था, जिसका कई बार प्रेजेंटेशन भी कांग्रेस विधायकों के सामने हुआ। स्काईवॉक की उपयोगिता की डिटेल रिपोर्ट भी आई, इसी बीच सत्ता परिवर्तन के साथ ही कांग्रेस ने इस अति आवश्यक स्काईवॉक को कबाड़ बना दिया। श्री शुक्ला ने आगे कहा कि अब फिर प्रदेश में भाजपा की सरकार है और विधायक श्री मूणत के प्रयास से पुनः स्काईवॉक का कार्य प्रारंभ किया गया है। छत्तीसगढ़ शिवसेना ने इसका स्वागत किया है। इसका निर्माण पूरा होने के बाद शास्त्री चौक से जेल रोड, जयस्तंभ चौक, तहसील कार्यालय, कमिश्नर कार्यालय तक ऊपर से ही पैदल आ-जा सकेंगे, जिसे ट्रैफिक भी सुगम हो सकेगा।

### भैंसथान में नाली पर बने 6 अवैध पाटे तोड़े गए



**रायपुर।** विगत दिनों शहर के जोन 7 क्षेत्र अंतर्गत तात्यापारा वार्ड के भैंसथान में दुकानों के सामने नाली पर कब्जा कर लगाए गए 6 पाटों को तोड़ने की कार्रवाई की गई। इन पाटों के कारण नाली की सफाई नहीं हो पा रही थी। पाटे तोड़ने के बाद नाली की सफाई कराई गई। यह कार्रवाई जोन क्षेत्र के उप अभियंता रुचिका मिश्रा की उपस्थिति में की गई।

### पीएम आवास के तहत बांटे गए 20 फ्लैट



**रायपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मठपुरैना में 20 परिवारों को फ्लैट आबंटित किए गए। ये फ्लैट कांशीराम नगर में रहने वाले परिवारों को दिया गया है। कांशीराम नगर के फ्लैट जर्जर हो चुके हैं, जिसके कारण यहां रहने वाले परिवारों को मठपुरैना में बने फ्लैट आबंटित किए जा रहे हैं। मठपुरैना में 275 फ्लैट बांटे जाने है, जिसकी शुरूआत 20 फ्लैट के आबंटन से की गई है। आबंटन के दौरान वार्ड पार्षद महेश ध्रुव, जोन 3 कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा अंशुल शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### तिल्दा के ग्राम सांकरा में लगा समाधान शिविर

**रायपुर।** सुशासन तिहार के तीसरे और अंतिम चरण में समाधान शिविर तिल्दा के ग्राम सांकरा में अयोजित किया गया। इस शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्नप्राशन संस्कार और गोदभराई संस्कार का आयोजन किया गया। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा इस शिविर में शामिल हुए। उन्होंने बच्चों को खीर खिलाई तथा परिवहन विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल में तत्काल लर्निंग लाइसेंस बनाकर ग्रामीणों को सौंपा।

# पोस्टपैड बिजली कनेक्शन को प्रीपैड करने प्रदेश सरकार से मंजूरी का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं को अब आने वाले समय में मोबाइल की तरह मीटर रीचार्ज कराने पर ही बिजली मिलेगी। प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। अब तक 18 लाख मीटर लग चुके हैं। इस साल से ही पोस्टपैड कनेक्शन प्रीपैड करने की तैयारी है। ऐसा हो गया तो छत्तीसगढ़ बिजली के कनेक्शन को प्रीपैड करने वाला देश का तीसरा राज्य हो जाएगा।

हरिभूमि सरोकार

इस समय बिहार और असम में रीचार्ज कराने पर ही बिजली मिलती है। अब छत्तीसगढ़ में भी ऐसा होने वाला है, इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को प्रदेश सरकार से मंजूरी का ही इंतजार है। सरकार की मंजूरी मिलने की देर है, कनेक्शन प्रीपैड कर दिए जाएंगे। केंद्र सरकार की स्मार्ट मीटर योजना में अब प्रदेश के सभी वर्ग के बिजली उपभोक्ताओं के पुराने मीटरों को बदला जा रहा है। करीब एक साल से स्मार्ट मीटर लगाने का काम हो रहा है। प्रदेश में करीब 60 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। अब तक 18 लाख स्मार्ट मीटर लग चुके हैं। इसमें करीब एक लाख मीटर थ्री फेज कनेक्शन वाले हैं। थ्री फेज कनेक्शन के 6 लाख मीटर लगेंगे। मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। जहां रायपुर संभाग में मीटर लगाने का काम टाटा कंपनी कर रही है, वहीं बाकी स्थानों पर जीनस कंपनी मीटर लगा रही है।

## छत्तीसगढ़ बिजली कनेक्शन प्रीपैड करने वाला बनेगा देश का तीसरा राज्य

### पोस्टपैड कनेक्शन होंगे बंद

स्मार्ट मीटर लगने के साथ ही एलटी वर्ग के सभी उपभोक्ताओं के अब तक चल रहे पोस्टपैड कनेक्शन समाप्त हो जाएंगे। इनके स्थान पर सभी कनेक्शन प्रीपैड हो जाएंगे, लेकिन अभी जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन में स्मार्ट मीटर लगे हैं, उनके ही कनेक्शन प्रीपैड होंगे। जैसे-जैसे उपभोक्ताओं के मीटर बदले जाएंगे, सबके कनेक्शन प्रीपैड होते चले जाएंगे। जिनके भी मीटर प्रीपैड होंगे, उनको बिजली का उपयोग करने से पहले मोबाइल की तरह ही रीचार्ज कराना होगा, तभी बिजली मिलेगी।



### मिलेगा बिजली बिल हॉफ का फायदा

उपभोक्ताओं के कनेक्शन भले प्रीपैड हो जाएंगे, लेकिन घरेलू वर्ग के उपभोक्ताओं को प्रदेश सरकार की योजना के मुताबिक 400 यूनिट तक बिजली बिल हॉफ योजना का फायदा मिलेगा। 400 यूनिट तक की खपत में पैसे आधे लगेंगे। इसके लिए सॉफ्टवेयर तैयार किया जा रहा है। इसी के साथ बीपीएल वर्ग के उपभोक्ताओं को 30 यूनिट बिजली मुफ्त मिलती है तो उनको 30 यूनिट तक पैसे नहीं लगेंगे, लेकिन इसके बाद की खपत के लिए रीचार्ज कराना होगा। रोज की खपत के हिसाब से पैसे कटेंगे।

### अलग-अलग कीमत के होंगे रीचार्ज कूपन

पॉवर कंपनी ने जिन कंपनियों को मीटर लगाने का काम दिया है, वही कंपनी रीचार्ज कूपन भी प्रकाशित करेगी। इसी के साथ मोबाइल की तरह डिजिटल रीचार्ज की भी सुविधा मिलेगी। उपभोक्ता को अपनी खपत के हिसाब से रीचार्ज करना होगा। जिनको लगेगा कि उनकी खपत एक माह में पांच सौ होती है तो वे उतने का रीचार्ज करा सकेंगे। जिनकी खपत ज्यादा होगी, वे ज्यादा का रीचार्ज करा सकेंगे। उपभोक्ता चाहेंगे तो एक से ज्यादा माह के लिए भी रीचार्ज करा सकेंगे, ताकि उनकी बिजली कट होने का खतरा न रहे। रीचार्ज समाप्त होने के पहले मोबाइल की तरह ही पंजीकृत मोबाइल नंबर पर मैसेज आएगा। अगर रात में किसी उपभोक्ता का रीचार्ज समाप्त होगा तो तत्काल बिजली कट नहीं होगी, उनको रीचार्ज कराने का मौका मिलेगा।

## केंद्र से मिलने हैं 1254 करोड़, मिले 503 करोड़, अटके 751 करोड़

# सरकारी विभागों ने नहीं चुकाया बकाया बिजली बिल तो केंद्र से लगेगा झटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के सरकारी विभागों पर करीब 25 सौ करोड़ का बिजली बिल बकाया है। इसमें से सबसे ज्यादा करीब डेढ़ हजार करोड़ का बकाया तो अकेले नगरीय निकाय विभाग पर है। हमेशा ही नगरीय निकाय विभाग पर ही ज्यादा बकाया रहता है। प्रदेश के ज्यादातर नगरीय निकाय बिजली बिलों का भुगतान करते ही नहीं हैं।

खास खबर

इनके कनेक्शन स्ट्रीट लाइट और पानी के ज्यादा रहते हैं, ऐसे में कभी इनके कनेक्शन भी कट नहीं होते हैं, क्योंकि ये आम जनता से जुड़ी सुविधाओं वाले कनेक्शन रहते हैं, लेकिन सरकारी विभागों का बकाया अब पॉवर कंपनी को बड़ा झटका देने वाला है। अगर बकाया का भुगतान नहीं किया गया तो केंद्र सरकार की योजनाओं से मिली मदद ऋण में बदल जाएगी। इसकी पूरी जानकारी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को देते हुए रिटायर पॉवर इंजीनियर-अधिकारी संघ ने सरकारी बकाया भुगतान करने का आग्रह किया है, ताकि पॉवर कंपनी पर भार न पड़े। पॉवर कंपनी पर भार पड़ा तो इसकी भरपाई अंततः उपभोक्ताओं को ही करनी पड़ेगी।

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी की 3560 करोड़ की अलग-अलग योजनाओं को केंद्र सरकार से आरडीएसएस योजना के तहत मंजूरी मिली हुई है। इन योजनाओं में केंद्र सरकार से 60 फीसदी अनुदान मिलना है। पॉवर कंपनी ने अब तक 3119 करोड़ की योजनाओं पर काम प्रारंभ किया है। इसके लिए केंद्र सरकार से 1871 करोड़ की मदद मिलेगी। पहली किस्त के रूप में इसके लिए 503 करोड़ मिल गए हैं। पॉवर कंपनी ने 2090 करोड़ का काम पूरा कर दिया है। ऐसे में केंद्र सरकार से इनके लिए 1254 करोड़ मिलने हैं। इसमें से 503 करोड़ मिले हैं। अभी 751 करोड़ मिलने बाकी हैं।

## केंद्र सरकार का अनुदान ऋण में बदल सकता है

### इसलिए अटके 751 करोड़ रुपए

रिटायर पॉवर इंजीनियर-अधिकारी संघ के अध्यक्ष पीएन सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जानकारी दी है कि केंद्र सरकार से मिलने वाली 751 करोड़ की राशि इसलिए अटक गई है, क्योंकि केंद्र सरकार का नियम है कि सरकारी विभागों पर बिजली की खपत का कोई भुगतान बकाया नहीं होना चाहिए। अगर सरकारी विभागों पर भुगतान बकाया है तो केंद्र सरकार से मिलने वाली 60 फीसदी की राशि ऋण में बदल जाएगी और इसका भुगतान पॉवर कंपनी को करना होगा।



### सरकारी विभागों पर बकाया की स्थिति

सरकारी विभागों पर बकाया लगातार बढ़ता ही जा रहा है। वर्तमान में करीब ढाई हजार करोड़ बकाया है। बीते साल अगस्त में यह बकाया 1988 करोड़ था, जो बढ़ते-बढ़ते मार्च 2025 में 2444.91 करोड़ हो गया है। अब यह बकाया अगर सरकारी विभागों ने नहीं चुकाया तो तय है कि केंद्र सरकार से आरडीएसएस योजना में मिलने वाली 60 फीसदी की मदद ऋण में बदल जाएगी। ऐसे में इसकी भरपाई करने के लिए पॉवर कंपनी को उपभोक्ताओं का टैरिफ बढ़ाना पड़ेगा।

# गर्मी के साथ बढ़ गई पानी की मांग प्रतिदिन 300 एमएलडी की खपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी बढ़ने के साथ ही शहर में पानी की मांग बढ़ गई है। इस समय रोजाना 300 एमएलडी पानी की आपूर्ति फिल्टर प्लांट से हो रही है, जो सामान्य दिनों में फिल्टर प्लांट से आपूर्ति होने वाले पानी की मात्रा से 30 एमएलडी ज्यादा है। यही नहीं, गंगरेल डेम से शहर के लिए छोड़े जाने वाले पानी मात्रा को भी 15 से 20 फीसदी बढ़ा दिया गया है।

गर्मी में पानी की डिमांड को देखते हुए नगर निगम के फिल्टर प्लांट से अब पहले की तुलना में 30 एमएलडी अतिरिक्त पानी की आपूर्ति की जा रही है। नगर निगम का जल विभाग शहर की 43 नई, पुरानी पानी टंकियों से शहरवासियों को पीने का शुद्ध पानी नलों के माध्यम से पहुंचा रहा है। सामान्य दिनों में औसतन 270 एमएलडी पानी की खपत नगर निगम के 10 जोन के 70 वार्डो में होती रही है। पर मई माह में गर्मी तेज होने पर पानी की खपत बढ़कर 300 एमएलडी तक पहुंच गयी।



- फिल्टर प्लांट से सामान्य दिनों में 270 एमएलडी पानी की आपूर्ति
- गर्मी बढ़ते ही शहरवासी गटक रहे 30 एमएलडी अतिरिक्त पानी

**30 एमएलडी अतिरिक्त पानी की आपूर्ति**

फिल्टर प्लांट से शहरवासियों को 20 एमएलडी अतिरिक्त पानी की आपूर्ति की जा रही है। सामान्य दिनों में 270 एमएलडी पानी की आपूर्ति की जाती है, जबकि गर्मी बढ़ते ही 300 एमएलडी पानी की सप्लाई दे रहे हैं।

- **नरसिंग फरेन्द्र,** प्रभारी अधिकारी, फिल्टर प्लांट, ननि रायपुर

### गंगरेल में 3.5 टीएमसी पानी शहर के लिए सुरक्षित

राजधानी रायपुर के 14 लाख की आबादी को बारहों महीना भरपूर पेयजल उपलब्ध कराने गंगरेल डेम में शहर के लिए हर साल 3.5 टीएमसी पानी सुरक्षित रखा जाता है। नगर निगम के जल विभाग ने जल संसाधन विभाग के साथ शहरवासियों के पानी की डिमांड को ध्यान में रखते हुए 15 साल का एग्रीमेंट वर्ष 2015 में किया था। इसके मुताबिक गंगरेल डेम में शहर के लिए 3.15 टीएमसी रॉ वाटर प्रतिवर्ष के हिसाब से रिजर्व रखा जाता है। शहर के विस्तार को देखते हुए 2030 में होने वाले नए एग्रीमेंट में गंगरेल डेम से 4 टीएमसी पानी प्रति वर्ष सुरक्षित रखने की डिमांड की जायेगी। यानी 2030 में पानी की डिमांड करीबन 1 टीएमसी बढ़ने की संभावना है।

# चाणक्य के किरदार ने बदला जीवन जीने का नजरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



संस्कार भारती छत्तीसगढ़ और संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन की ओर से तीन दिवसीय रंग संस्कार महोत्सव के अंतिम दिन रंगकर्मी एवं बॉलीवुड अभिनेता मनोज जोशी ने शिरकत की। महोत्सव के अंतिम दिन कार्यक्रम की अध्यक्षता की। नाटक मंचन के पूर्व रायपुर प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता के दौरान उन्होंने अपने रंगमंच एवं फिल्मी सफर के अनुभव साझा किए। श्री जोशी ने बताया कि मराठी नाटक में अभिनय से थिएटर जगत में शुरुआत की, जिसके बाद गुजराती, हिंदी के अनेक नाटकों में शामिल होने का मौका मिला। अब तक चाणक्य के किरदार में सबसे प्रभावशाली अभिनय किया है, जिससे जीवन जीने का नजरिया बदला।

- रंगकर्मी एवं बॉलीवुड अभिनेता मनोज जोशी ने प्रेसवार्ता में साझा किया अपना फिल्मी सफर

### युवा कलाकारों को कड़ी मेहनत की जरूरत

प्रेसवार्ता में श्री जोशी ने छत्तीसगढ़ के युवा कलाकारों को कड़ी मेहनत करने का सुझाव देते हुए कहा कि अभिनय के क्षेत्र में आगे निरंतर कार्य करने के इच्छुक युवा मेहनत करते रहे। उनका अटूट विश्वास और लक्ष्य को हासिल करने का व्रत ही उन्हें कामयाबी की सीढ़ी तक पहुंचाएगा। जीवन परिचय में कहा कि वेद शास्त्र से संपन्न परिवार में जन्म हुआ, मेरे पिता कीर्तनकार थे, जिन्हें धार्मिक, कला, वेद, पुराण, गीता, भागवत कथा, गायन, वादन, अभिनय जैसी अनेक कलाओं का संपूर्ण ज्ञान था। कक्षा 7वीं से ही श्री जोशी ने अभिनय करने का लक्ष्य निर्धारित किया, पिता के आदर्श से ही अभिनय का कला ज्ञान मिला है। इस मौके पर संस्कार भारती से योगेश अग्रवाल ने कार्यक्रम का मार्गदर्शन किया।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में मिनी कूलर एवं घड़ा उपलब्ध कराने की मांग




**रायपुर।** राजधानी रायपुर में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी से प्रत्येक आदमी बेहाल और परेशान है, वहीं दूसरी ओर आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को न ही ठंडा पानी मिल रहा है और न ठंडी हवा मिल पा रही है। किसी भी आंगनबाड़ी केंद्र में विभाग द्वारा वाटर कूलर और ठंडा पेयजल के लिए व्यवस्था नहीं की गई है। इसे देखते हुए समाजिक कार्यकर्ता सुरेश कुमार दीवान ने कलेक्टर जनदर्शन में इस संबंध में आवेदन देकर जल्द से जल्द आंगनबाड़ी केंद्रों में मिनी कूलर के साथ घड़ा उपलब्ध कराने की मांग की है।

### सभापति राठौर ने नाला सफाई का किया निरीक्षण

**रायपुर।** नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर ने बुधवार को जोन 2 क्षेत्र के मौदहापारा में महाबीर गौशाला के सामने नाला सफाई का निरीक्षण जोन कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे और कार्यपालन अभियंत पीडी धृतलहरे की उपस्थिति में किया। इसी तरह मौदहापारा पुलिस थाना के समीप नाला, शहीद स्मारक भवन के पास नाला सफाई का प्रत्यक्ष निरीक्षण कर बारिश पूर्व नाला सफाई पूरा करवाने निर्देश दिए। सभापति ने जयस्तंभ चौक के पास नाला चेंबर की सफाई करवाई।

# ठाकरे परिसर में मंत्रियों का सहयोग केंद्र छह माह से बंद

- कार्यकर्ता अपने क्षेत्र के लोगों के साथ आते थे समस्याएं लेकर, हो जाता था निदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश के मंत्रियों का सहयोग केंद्र बीते छह माह से ज्यादा समय से बंद है। ऐसे में इस सहयोग केंद्र के माध्यम से अपने क्षेत्र के लोगों को समस्या के निराकरण के लिए लाने वाले कार्यकर्ता निराश हैं। इस सहयोग केंद्र के माध्यम से मंत्रियों के विभागों की समस्या लेकर प्रदेशभर के कार्यकर्ता आते थे और उनकी ज्यादातर समस्याओं का निराकरण हो जाता था। सप्ताह में पांच दिनों तक अलग-अलग मंत्री समय के हिसाब से बैठते थे।

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद यह तय किया गया कि प्रदेश के मंत्री भी भाजपा संगठन के कार्यकर्ताओं से लगातार मिलकर उनकी समस्याओं का निराकरण करेंगे। साथ ही यह भी तय किया गया कि कार्यकर्ता अपने साथ अपने क्षेत्र के लोगों को भी लाकर मंत्रियों के सामने समस्याएं और अपनी मांगें रख सकते हैं। इसके लिए तय किया गया कि प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम के साथ सभी मंत्री बारी-बारी से सोमवार से लेकर शुक्रवार तक कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बैठेंगे और समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण करेंगे।



### सहयोग केंद्र फिर से प्रारंभ होने का इंतजार

भाजपा के जानकारों का कहना है कि बीते साल सहयोग केंद्र में मंत्रियों का लगातार बैठना हो रहा था, लेकिन सितंबर से भाजपा के सदस्यता अभियान, संगठन चुनाव और फिर बाद में नगरीय निकाय चुनाव में सबके व्यस्त होने के कारण लंबे समय से मंत्रियों का सहयोग केंद्र में आना बंद हो गया है। अब तो नगरीय निकाय चुनाव निपटे भी दो माह से ज्यादा समय हो गया है, लेकिन इसके बाद भी सहयोग केंद्र के प्रारंभ न होने के कार्यकर्ता निराश हैं। कार्यकर्ता इस बात का इंतजार कर रहे हैं कि कब सहयोग केंद्र प्रारंभ हो तो वे अपने क्षेत्र के लोगों के साथ समस्याएं लेकर विभागीय मंत्रियों तक जा सकें। वैसे जिन कार्यकर्ताओं की पहुंच मंत्रियों के बंगलों तक है, वे तो सीधे वहां पहुंचकर भी अपनी समस्याओं का निराकरण करा लेते हैं, लेकिन सभी कार्यकर्ताओं की पहुंच मंत्रियों के बंगले तक नहीं है। ऐसे में इन कार्यकर्ताओं को सहयोग केंद्र का ही सहारा है।

## एनएसएस ने हमर चिरई, हमर चिन्हारी थीम पर चलाया अभियान

# पेड़ और पशु-पक्षियों की भी है जीवन में अहम भूमिका : रजक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ग्राम सोनेसिल्ली में फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना रेडक्रास के तत्वावधान में जल संरक्षण व हमर चिरई, हमर चिन्हारी थीम पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया। इस भीषण गर्मी में जल संरक्षण एवं पक्षियों का संरक्षण कैसे किया जाय? जागरूकता अभियान में ग्राम सोनेसिल्ली के उपसरपंच ताराचंद साहू, पंच विजय साहू, कार्यक्रम संयोजक डॉ. आरके रजक सहित छतीस स्वयंसेवको की विशेष भूमिका रही। ताराचंद साहू ने कहा कि पेड़ पौधों की लगातार कटाई से पक्षियों व वन प्राणियों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। हम सभी पर्यावरण की रक्षा करें। पशु पक्षी व वन्य प्राणी है तो मानव जीवन है तथा जल संरक्षण के बारे में जानकारी दिये हमें आगे आकर इनकी रक्षा करनी होगी जल का उपयोग व बचाओ, जल है तो जीवन है। इस नेक कार्य के लिए स्वयंसेवकों एवं कार्यक्रम अधिकारी की प्रशंसा करनी होगी। जिन्होंने पेड़ों में मिट्टी के बर्तन व लकड़ी के सोपले बांधकर जा रहे हैं ताकि पक्षियों को जल व दाने मिल सके। उनकी सुरक्षा करना अब हम सबकी जवाबदारी है। इस तरह के पहल सभी ग्राम में होनी चाहिए कार्यक्रम संयोजक डॉ. आरके रजक ने बताया कि पेड़ पौधों के साथ-साथ पशु-पक्षियों का पर्यावरण संतुलन में अहम भूमिका है। मानव के हस्तक्षेप में इनकी संख्या कम हो रही है।



### ग्रामिणों को जल संरक्षण के प्रति किया जागरुक

वहीं कुछ प्रजाति की पक्षिया विलुप्त हो रही हैं, गर्मी का मौसम पक्षियों के लिए बहुत कष्टप्रद होता है। इन्हें बचाने के लिए हम सभी को थोड़ा-थोड़ा, प्रयास करना होगा। कम से कम एक सकोरा पानी भरकर व अनाज के दाने छांयादार स्थान में रखते हैं, तो बहुत से पक्षियों की जान बच सकती है स्वयंसेवको ने टोली बनाकर विद्यालय से मंदिर, चबूतरे, पेड़ों तथा घरों में सकोरा बांध, जल व दाने डालकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। ग्रामवासियों को घर-घर जाकर जल संरक्षण के बारे में जागरूक किया। सभी सामूहिक रूप से शपथ ली कि अपने गांव, घर आंगन, शहरो में जल के सही उपयोग व पक्षियों को बचाने के लिए स्थानीय पक्षी संरक्षण कार्यक्रम को बढ़ावा देंगे साथ ही मोबइल टावर की अधिकता, खेतो में आग न लगाने तथा कीटनाशक, रासायनिकों का छिड़काव न करने की अपील की इस कार्यक्रम का संचालन मितेश साहू तथा धन्यवाद डिकेश साहू ने किया।

# ऑपरेशन सिंदूर को लेकर महिलाओं ने निकाली रैली



**फिंगेश्वर।** ऑपरेशन सिन्दूर के तहत देश की सुरक्षा में शहीद हुए जवानों के प्रति सहानुभूति एवं देश की सुरक्षा में लगे जवानों सम्मान एवं मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से नगर पंचायत फिंगेश्वर के सभी महिला जनप्रतिनियो, महिला समूह, एनयूएलएम की महिलाओं के सहयोग से नगर में ऑपरेशन सिन्दूर रैली का आयोजन कार्यालय भवन से पुराने बस स्टैंड, शहीद स्मारक चौक, पुराना साप्ताहिक बाजार होते हुए कार्यालय भवन तक रैली निकालकर जयघोष के नारे लगाए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर पंचायत फिंगेश्वर के महिला जनप्रतिनियों, महिला समूह, एनयूएलएम की महिला, नगर पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।इस कार्यक्रम में संतोषी श्रीवास्वत, मंजू हरित, पदमा यदु, भुनेश्वरी साहू सहित महिला समूह द्वारा बढकर चढ़कर भाग लिया और कार्यक्रम में सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप



### रबी फसल के धान का समर्थन मूल्य पर खरीद सुनिश्चित हो

**राजिम।** छत्तीसगढ़ में किसानों ने बड़े पैमाने पर रबी फसल धान बोते है जिसे किसान औने-पौने दाम पर कोचियो और मंडियो में बेचने के लिए मजबूर हो रहे है। इस सन्दर्भ में भारतीय किसान यूनियन के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर जिला गरियाबंद को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपकर रबी फसल धान को समर्थन मूल्य में खरीदी करने की मांग किया है। प्रतिनिधि मंडल में शामिल मदन साहू, तेजराम विद्रोही, ललित साहू, भूनूराम, मनोज कुमार ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य धान उत्पादक राज्य है जहाँ के किसानों को अपनी उपज धान का दाम खरीफ सीजन में न्यूनतम समर्थन मूल्य तो मिलती है परन्तु रबी सीजन में धान की कीमत न्यूनतम समर्थन मूल्य से काफी कम हो जाती है जिसका सीधा असर किसानों को आर्थिक नुकसान के रूप में होती है इसलिए कृषि उपज मंडियो में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी अनिवार्य किया जाए।

### चेतन चौहान बने उपाध्यक्ष

**नवापारा-राजिम।** चेतन सिह चौहान एक बार फिर सर्वसम्मति से



राजपूत क्षत्रिय चौहान समाज आरंग राज पंजीयन क्रमांक 5980 के उपाध्यक्ष मनोनीत हुए। इस उपलब्धि पर नवापारा के राजपूत क्षत्रिय चौहान समाज के अध्यक्ष कृष्ण कुमार चौहान सहित सामाजिक सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

### चाकू से प्राणघातक हमला, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** कोतवाली थाना अंतर्गत पुरानी रंजिश को लेकर दो लोगों के बीच विवाद में एक युवक ने दूसरे पर चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 109(1) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। गुरु घासीदास वार्ड 21 निवासी गंगाधर देवार ने थाने में शिकायत की है।

## पेज 11 के शेष...

### उदंती टाइगर रिजर्व...

ग्रामीणों ने जंगल में बाघ के पग चिन्हों को देखा और इसकी सूचना वन विभाग को दी जिसके बाद उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन सहित टीम मौके पर पहुंचे और टाइगर के पग चिन्हों का माप लेकर पग चिन्ह के प्लास्टर मोड लिए, गौरतलब है कि बीते दिनों उसी क्षेत्र में मासूलखोई के जंगल में खेत के पास झोपड़ी में सो रहे ग्रामीण पर तेंदुआ ने हमला कर दिया था, जिसके बाद रेस्क्यू वाहन में ले जाते वक्त तेंदूए की मौत हो गई थी, वन विभाग के मुताबिक़ जिसके शरीर पर गहरे जख्म के निशान और दांत गड़ने के निशान भी मिले थे। लिहाजा आशंका है कि टाईगर के हमले और आपसी द्वंद के चलते तेंदूए की मौत हुई होगी।

### पहली बार कैमरे...

में यह अभियान संचालित किया। वन विभाग के अन्य अधिकारियों - एसीएफ जगदीश दर्रो, रेंजर राजेंद्र सोरी, इंजीनियर ठाकुर और उप वन परिक्षेत्र अधिकारी नाग ने तकनीकी और रणनीतिक सहयोग दिया।

**ग्रामीणों को भी जोड़ने की कोशिश-** ऊदबिलाव की सुरक्षा और संरक्षण को लेकर छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा जनजागरूकता अभियान भी चला रही है। स्कूलों, गांवों और पंचायतों में इस जीव की उपयोगिता और पर्यावरण में इसके योगदान को लेकर कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं, ताकि आमजन की भागीदारी भी सुनिश्चित की जा सके। क्या है यूरेशियन ऊदबिलाव? यूरेशियन ऊदबिलाव एक जल-आधारित स्तनधारी जीव है, जो साफ और बहते पानी वाले क्षेत्रों जैसे नदियों, झीलों और दलदली इलाकों में रहता है। यह मछलियों, केकड़ों और छोटे जलजीवों को खाकर पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है।

---

**मांग : 2008 के सेटअप का पालन कराया जाए : संघ**

# युक्तियुक्तकरण नीति से हर स्कूल में घटेगा एक शिक्षक पद शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ेगा प्रभाव मुख्यमंत्री हस्तक्षेप करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने राज्य सरकार से मांग की है कि शालाओं में 2008 के सेटअप का पालन सुनिश्चित किया जाए। संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा व प्रदेश सह सचिव विनोद सिन्हा ने कहा कि वर्तमान युक्तियुक्तकरण नीति के चलते हर शाला में एक-एक शिक्षक पद घटा दिया गया है, जिससे कक्षा संचालन बाधित हो रहा है। खासकर प्राथमिक शालाओं में अब दो शिक्षकों को पाँच कक्षाएं पढ़ानी पड़ रही हैं, जो व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। संघ का कहना है कि इस नीति के कारण प्रायमरी, मिडिल व कॉमर्स वर्ग के शिक्षकों के पद समाप्त किए जा रहे हैं। इससे सरकारी शालाओं की स्थिति कमजोर हो रही है और निजी शालाओं को अप्रत्यक्ष रूप से बढ़ावा मिल रहा है। संघ के पदाधिकारियों ने यह भी सवाल उठाया कि विभाग ने नीति निर्माण से पहले आपत्ति एवं दावा प्रक्रिया क्यों नहीं अपनाई? यह एकतरफा निर्णय है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता गिर रही है और गरीब व मध्यमवर्गीय बच्चों को नुकसान हो रहा है।

**सेटअप है पदों का मूल आधार, करें पुनरीक्षण-** संघ का मानना है कि शिक्षा विभाग की व्यवस्थापन नीति में 2008 के सेटअप को आधार बनाया जाना चाहिए। वर्तमान नीति में एक ही परिसर की शालाओं को जोड़ा जा रहा है, जिससे स्कूल प्रबंधन और पदोन्नति व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इससे प्रधान पाठक पद समाप्त होने की आशंका है, जिससे शिक्षकों की पदोन्नति भी रुक सकती है।

**पहले हो पदोन्नति, फिर हो व्यवस्थापन-**संघ ने मांग की है कि प्राचार्य, व्याख्याता, प्रधानपाठक (प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक) सहित सभी पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी की जाए, उसके बाद ही शिक्षकों का व्यवस्थापन किया जाए। इसके साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति का पालन करते हुए शिक्षक संगठनों के सुझावों पर विचार कर व्यापक बैठक आयोजित की जाए। इस विषय में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन द्वारा शिक्षा विभाग को विस्तृत सुझाव भी सौंपे गए हैं। संघ की ओर से प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, संयोजक सुधीर प्रधान, उपाध्यक्ष देवनाथ साहू, बसंत चतुर्वेदी, प्रवीण श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र पारीक सहित विनोद सिन्हा, पूरण साहू, परमेश्वर निर्मलकर, संतोष साहू, कमलकिशोर ध्रुव, मानिक साहू, दिनेश्वर साहू, विरेन्द्र साहू, केशव सेन, चेतन ध्रुव, घनश्याम यादव, तौहीद आलम, असलम कुरैशी, योगेंद्र साहू, भानुप्रताप ध्रुव व त्रिलोक साहू आदि शामिल रहे।

## तुगलकी फरमान तत्काल वापस लेकर नियमित शिक्षकों की भर्ती करें : टिकेश

*__फिंगेश्वर।__ नये सेटअप के तहत शिक्षकों की न्यूनतम संख्या में कटौती और युक्तियुक्तकरण के नए नियम को जन विरोधी निर्णय करार देते हुए ब्लॉक कांग्रेस मीडिया प्रभारी टिकेश साहू व ब्लॉक कांग्रेस सचिव मनोज सोनवानी ने कहा है कि सरकारी शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने साय सरकार ने षड्यंत्र रचा है, जिससे छत्तीसगढ़ के लगभग 5000 स्कूल बंद हो जाएंगे, साय सरकार के इस फैसले का सबसे बड़ा नुकसान बस्तर और सरगुजा के आदिवासी अंचलों में पढ़ने वाले बच्चों पर पड़ेगा।स्कूलों को जबरिया बंद किए जाने से न केवल शिक्षक बल्कि उन स्कूलों से संलग्न हजारों रसोईया, स्लीपर और मध्यान भोजन बनाने वाली महिला स्वसहायता समूह की बहनों के समक्ष जीवन यापन का संकट उत्पन्न हो जाएगा। नए सेटअप के तहत सभी स्तर प्राइमरी, मिडिल, हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलो में शिक्षकों के न्यूनतम पदों में कटौती के चलते युवाओं के लिए नियमित शिक्षक के पद पर नई भर्ती के अवसर भी कम हो जाएंगे शिक्षा के स्तर पर बुरा असर पड़ना निश्चित है। अधिनायकवादी भाजपा सरकार ने इतना बड़ा अव्यवहारिक निर्णय लेने से पहले ना प्रभावित वर्ग से चर्चा की, न ही प्रदेश के भविष्य के बारे में सोचा।सरकारी आंकड़ों के मुताबिक ही प्रदेश में 58000 से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त हैं, हर महीने सैकड़ो शिक्षक रिटायर हो रहे हैं, कई वर्षोंर् से शिक्षकों का प्रमोशन रुका हुआ है,स्थानांतरण को लेकर कोई*





*ठोस पॉलिसी बना नहीं पाए,समयमान वेतनमान का विवाद अब तक लंबित है ऐसे में युक्तिकरण के नाम पर शिक्षकों को डरा कर वसूली करना चाहती है यह सरकार।*

***शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ रहा असर-*** *ब्लॉक कांग्रेस मीडिया प्रभारी ने कहा है कि नए सेटअप में प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में एचएम को शिक्षकीय पद मानते हुए प्राइमरी में 30 और मिडिल में 35 बच्चों के बीच एक शिक्षा का सेटअप घोषित किया गया है। ब्लॉक कांग्रेस सचिव मनोज सोनवानी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की साय सरकार नहीं चाहती कि छत्तीसगढ़ के बच्चों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सके, इसीलिए निजी शिक्षण संस्थानों को लाभ पहुंचाने, सरकारी शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त करने का षड्यंत्र रचा गया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार ही 5484 स्कूल ऐसे हैं जो केवल एक शिक्षक के भरोसे हैं,297 स्कूल पूरी तरह से शिक्षक विहीन है।*

---

# सुरुंगपानी के नाम यज्ञ के शुभारंभ में पहुंचे विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला।

छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर व उड़ीसा राज्य के सीमावर्ती गांव ग्राम सुरंगपानी में चार दिवसीय नाम यज्ञ का आयोजन सभी ग्राम वासियों एवं क्षेत्र वासियों के सहयोग से आयोजित किया गया है। जिसका शुभारम्भ 18 मई शाम चार बजे से हुआ। शुभारंभ के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक जनक ध्रुव, जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, रूवाड़ सरपंच विजय कृष्ण नागेश, सुरुंगपानी सरपंच रवि मरकाम, डगेश्वर ओंटी, ईश्वर नेताम, कवि मरकाम मंच पर उपस्थित रहे। वहीं क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि इस वनांचल के इस छोटे से गांव में चार दिवसीय नाम यज्ञ का आयोजन गांव की एकता और अखंडता को दर्शाता है ऐसे आयोजन से गांव और क्षेत्र में परस्पर प्रेम और विश्वास का प्रादुर्भाव होता है। वहीं ग्राम वासियों की मांग पर एक सामुदायिक भवन की घोषणा भी की एवं लोगों से भेंट मुलाकात करते हुए उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। बता दें कि यह नाम यज्ञ का आयोजन 18 मई से 21 मई तक चलेगा जहां कई किर्तन मंडली अपनी प्रस्तुति देने पहुंचेंगे साथ ही छत्तीसगढ़ सहित उड़ीसा राज्य से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां शामिल होने पहुंचेंगे। यहां का नाम यज्ञ का आयोजन देखते ही बनता है वहीं इस गांव के रथयात्रा का आयोजन भी क्षेत्र भर में प्रसिद्ध है और हजारों की संख्या में इस अवसर पर भी लोग यहां देखने पहुंचते हैं। आज के इस भागदौड़ और व्यस्तता भरी जीवन में यहां के लोगों की अपनी संस्कृति और परम्पराओं से पुरे समर्पण का भाव देखने को मिलता है।

## आम की आवक बढ़ी, दशहरी चौसा और लंगड़ा के दाम गिरे

**मुड़ागांव(कोरासी)।** फल दुकान सहित बाजार में मौसमी फल अच्छी आवाज हो रही है। फलों की राजा आम के बाजार में भरमार हो गई है। आम के साथ-साथ तरबूज और खरबूज की भी भारी तादाद में आवक हो रही है। तरबूज के दाम कम होने से इसकी खरीदारी भी ज्यादा है थोक फल विक्रेताओं ने बताया कि इस बार आम वैरायटी के अनुसार थोक में 60 से 50 रुपए किलो बिक रहा है।



फुटकर में इसका रेट 80 से 40 रुपए किलो है। उन्होंने बताया कि आम अपने तय समय के अनुसार ही बाजार में आ रहा है। परंतु पिछले सालों की तुलना में इस बार आम की आवक कम होने से भाव अभी ज्यादा है।पिछले साल इसी सीजन में आम के थोक रेट 50 से 80 रुपए किलो थे।इसका कारण यह है कि तेज हवा वह बारिश के कारण पैदावार प्रभावित हुई है।बताया जा रहा है कि आम के साथ-साथ नीलम,दशहरी,लंगड़ा तोतापरी, कलमी एवं चौसा किस्में के आम की आवाज भी शुरू हो गई है।दशहरी, चौसा एवं लंगड़ा आम का रेट कम होंगे। फल-सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि आम की आवक अप्रैल से शुरू होकर अगस्त तक रहती है। पहली बारी में आने वाले आम की मिठास कम होती हैं और महंगे भी होते है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ेगी आम की आवक एवं स्वाद भी बढ़ेगा। साथ ही आम की कीमतों में कमी आएगी। बताया जा रहा है कि आम की आवक, ओडिशा, तेलंगाना, मध्यप्रदेश के अलावा वारंगल, आंध्रप्रदेश, उत्तरप्रदेश के लखनऊ, प्रतापगढ़, सीतापुर, मुरादाबाद, मेरठ, इलाहाबाद के अलावा कर्नाटक से होता है।


# राजिम भक्तिन माता चौक पर विधायक साहू का हुआ स्वागत




हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने शाम 6 बजे छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं विधायक मोतीलाल साहू का राजिम भक्तिन माता चौक में जोरदार स्वागत किया। स्वागत के बाद विधायक मोतीलाल साहू ने नवनिर्मित राजिम भक्तिन माता चौक में स्थापित राजिम भक्तिन माता की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। राजिम भक्तिन माता की भव्य प्रतिमा एवं चौक की सुंदरता को देखकर सराहना करते हुए कहा कि इस धर्म नगरी राजिम में सर्व समाज के आराध्य देवी देवता एवं महान पुरुषों का भी भव्य चौक का निर्माण होना चाहिए। मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए विधायक मोतीलाल साहू ने सर्व समाज की मंगल कामना किया। विदित हो कि यह चौक छत्तीसगढ़ का इकलौता चौक है जहां पर राजिम भक्तिन माता की मूर्ति स्थापित है। राजिम भक्तिन माता चौक में विधायक मोतीलाल के स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, महामंत्री रामकुमार साहू, महासचिव श्याम साहू,कोषाध्यक्ष भोले साहू ,संगठन मंत्री विष्णु साहू, तरुण साहू, यशवंत साहू, शोभाराम साहू, पीलु राम साहू, गेंदलाल साहू, पार्षद बलराम यादव, सुरेश पटेल, अरविंद यदु, नंदकिशोर शर्मा, गजेंद्र यादव, गोपी साहू, महेंद्र साहू, राजू वर्मा, यांशु साहू विशेष रूप से उपस्थित थे।

## पैरी घुमर में पर्यटकों की भीड...



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 30 किलो मीटर दूर घने जंगल के अंदर पर्यटन स्थल बेहद खुबसूरत जलप्रपात पैरी घुमर में सिकासार जलासय से पानी बंद करने के बाद अब झरना बंद हो गया है बावजूद इसके पर्यटको की भारी भीड़ लग रही है

# डिजिटल शिक्षा को लेकर शिक्षकों का उन्नयन प्रशिक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ एवं कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर समग्र शिक्षा के पत्र आदेश तारतम्य में डीजी दुनिया आईसीटी योजना के तहत शिक्षक प्रशिक्षण स्थल शासकीय पीएम श्री हरिहर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नवापारा में सोमवार को शिक्षण प्रशिक्षण का दूसरा बैच शुरू हुआ। यह कार्यशाला 24 मई तक आयोजित की जाएगी। आईसीटी योजना अंतर्गत आईसीटी लैब एवं स्मार्ट क्लासरूम का उपयोग नियमित अध्ययन-अध्यापन किए जाने के लिए व शिक्षा में आधुनिक तकनीक का उपयोग कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की दिशा में इन संसाधनों के सार्थक उपयोग को प्रभावी बनाने के लिए, इस प्रशिक्षण का उद्देश्य है। प्रशिक्षक मास्टर ट्रेनर किशन सिंह ठाकुर द्वारा डिजिटल क्लासरूम को संचालित किए जाने की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया गया। जैसे प्रोजेक्टर से लर्निंग मटेरियल एलएमएस के माध्यम से डिजिटल क्लास का उपयोग करना, टीचर्स शिक्षक आईडी का निर्माण करना, प्रोजेक्टर को चालू करने की प्रारंभिक विधि से लेकर अनेकों विषयों में प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में अभनपुर ब्लॉक अंतर्गत प्रस्तावित समस्त शासकीय विद्यालय के शिक्षकों की प्रशिक्षण में उपस्थिति रही। इस कार्यशाला का समुचित व्यवस्था एवं नियमित मॉनिटरिंग प्रशिक्षण स्थल केंद्र प्राचार्य फाखरा खानम दानी एवं अशोक कुमार साहू द्वारा किया जा रहा है।

**जिले की रैंकिंग में हुआ ऐतिहासिक सुधार**

# जिले का रैंक 2 साल में 22वें से चौथे पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



बोर्ड परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले संस्थाओं एवं एवं जिले के टॉप 10 मेधावी छात्रों के लिए सोमवार को कलेक्टरेट सभा कक्ष मे गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा की जिले को अच्छी सफलता मिली है लेकिन हमें रुकना नहीं है और ऊंचाइयों के लिए कार्य करना है, अगले सत्र हेतु शुरुआत अभी से कर लें। 2 वर्ष पूर्व जिले में जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के द्वारा शिक्षा गुणवत्ता सुधार हेतु गौरव गरियाबंद अभियान की शुरुआत की गई थी1 इन दो वर्षों में 10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षा में जिले का रैंक लगातार बढ़ा है। जिला शिक्षा अधिकारी ए के सारस्वत ने बताया कि, जिले का रैंक 12वीं में 22 वे स्थान से चौथे स्थान पर तथा दसवीं में 19वें स्थान से 14वें स्थान पर पहुंच गया है1 प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों की संख्या दसवीं में 26 प्रतिशत से बढ़कर 37% हो गया है 1 12वीं में यह प्रतिशत 25% से बढ़कर 45% हो गया है। शत प्रतिशत परिणाम वाले स्कूलों की संख्या दसवीं में 6 से बढ़कर 23 हो गया है तथा 12वीं में 6 से बढ़कर 11 हो गया है।इस अवसर पर गौरव गरियाबंद के नोडल श्याम चंद्राकर, मनोज केला, डी एम सी के एस नायक सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बी आर सी मौजूद थे।

**महिलाओं में संगवारी महिला मंच की कार्यशाला आयोजित**

# नेतृत्व कोई पद नहीं बल्कि सोच और साहस का नाम है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद





लोक आस्था सेवा संस्थान द्वारा पीएचएफ के सहयोग से संगवारी महिला मंच की मुखियाओं के लिए नेतृत्व क्षमता वर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गरियाबंद के आक्शन हॉल में संपन्न हुआ, जिसमें गरियाबंद और छुरा ब्लॉक से 60 महिला मुखिया शामिल हुईं। प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत में प्रशिक्षक ने नेतृत्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेतृत्व कोई पद नहीं बल्कि सोच और साहस का नाम है। यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें व्यक्ति दूसरों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित करता है और सभी को साथ लेकर चलता है। प्रशिक्षण में बताया गया कि एक प्रभावी नेतृत्वकर्ता में दूरदृष्टि (विजन), संचार कौशल, सुनने की कला, निर्णय लेने की क्षमता, ईमानदारी और सहभागिता को बढ़ावा देने जैसे गुण होने चाहिए।

संस्था की सचिव सुश्री लता नेताम ने कहा कि महिलाएं समाज और गांव की नींव हैं। जब महिलाएं अपनी आवाज उठाती हैं और निर्णय प्रक्रिया में शामिल होती हैं, तभी समाज की समस्याओं का सही समाधान निकल सकता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं और सरकारी नियम-कानूनों की जानकारी की कमी है, जिसे दूर करने के लिए महिलाओं को सशक्त बनाना जरूरी है। कार्यशाला में शामिल महिलाओं ने भी नेतृत्व के अर्थ को समझते हुए एक स्वर में कहा की नेतृत्व का मतलब है पहल करना, प्रेरित करना और बदलाव लाना।\\/" प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं के लिए गीत, खेल और प्रेजेंटेशन के जरिए नेतृत्व की अवधारणा को सरल और प्रभावशाली तरीके से समझाया गया।




## खबर संक्षेप

### फिल्म स्टारों ने दी जबरदस्त प्रस्तुति



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर मे आज सोमवार को यातायात सप्ताह के अन्तर्गत अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ी फिल्म की जानेमनी अभिनेत्री ज्योत्सन्ना ताम्रकर और अभिनेता आकाश सोनी ने छत्तीसगढ़ी गानों में अपनी प्रस्तुति दिया। फिल्म अभिनेता और अभिनेत्री के नृत्य को देखने भारी भीड़ लगी रही। फिल्म अभिनेता आकाश सोनी और अभिनेत्री ज्योत्सन्ना ताम्रकर ने आम जनता से अपील किया कि हम सब को यातायात नियमों को पालन करना है इसिलिए हम लोग मैनपुर पहुंचे है। उन्होने कहा की शराब पीकर वाहन नहीं चलाए साथ ही हेलमेट का उपयोग अवश्य रूप से करें। छोटे बच्चों को मोटर सायकल और बाईक नहीं चलाने की अपील की है। इस दौरान फिल्म अभिनेता और अभिनेत्री के कार्यक्रम को देखकर लोगो ने जमकर तालिया बजाई। और उत्साह वर्धन किया।

### संविधान बचाओ रैली में धनेन्द्र साहू हुए शामिल



**नवापारा-राजिम।** जांजगीर-चांपा में आयोजित कांग्रेस की राज्यस्तरीय संविधान बचाओ रैली में धनेन्द्र साहू, पूर्व अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी शामिल हुए। इस रैली में अखिल भारती कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट,पूर्व सीएम भुपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज,नेता प्रतिपक्ष डॉ,चरणदास महंत,प्रभारी सचिव एस.सम्पत, जरिता लैतफलांग,विजय जांगिड़ ,टीएस सिंहदेव भी शामिल हुए।

### अखण्ड त्रिदिवसीय मानस यज्ञ समारोह आज से

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में 20 मई मंगलवार से 23 मई शुक्रवार तक समस्त ग्रामवासियों द्वारा बाजार चौक लीला रंगमंच में अखण्ड त्रिदिवसीय मानस यज्ञ समारोह का आयोजन किया जाएगा। मंगलवार को कार्यक्रम स्थल पर स्थापित भगवान राम, गोकर्ण, ठाकुर की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया जाएगा।

**बैठक : कलेक्टर बीएस उइके ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए**

# अभियान चलाकर राजस्व प्रकरणों का तेजी से करें निराकरण : कलेक्टर उइके

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

कलेक्टर बीएस उइके ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग के अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अनुविभाग एवं तहसीलवार लंबित राजस्व प्रकरणों की जानकारी लेकर विशेष अभियान चलाकर प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने राजस्व अधिकारियों से अविवादित नामांतरण, डायवर्सन, सीमांकन, भू-अर्जन, त्रुटि सुधार, वृक्ष कटाई, आरबीसी 6-4, आय, जाति प्रमाण पत्र सहित विभिन्न राजस्व प्रकरणों के निराकरण के स्थिति की जानकारी ली। साथ ही स्वामित्व योजना एवं एग्री स्टेक अंतर्गत किसानों के पंजीयन की भी जानकारी ली। साथ ही लंबे समय से दर्ज प्रकरणों के निराकरण के लिए आवश्यक मार्गदर्शन एवं सलाह भी दिये। कलेक्टर श्री उइके ने कहा कि एसडीएम एवं तहसीलदार-नायब तहसीलदार न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को अभियान चलाकर तेजी से निराकृत किया जाए। साथ ही सीमांकन के प्रकरणों के निराकरण के लिए आरआई एवं पटवारियों की टीम बनाकर गंभीरतापूर्वक कार्य करें। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों एवं मैदानी अमलों को गंभीरतापूर्वक कार्य करते हुए लंबित प्रकरणों को निराकृत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि लोगों की सहुलियत को ध्यान में रखते हुए प्रकरणों को अनावश्यक अधिक समय तक लंबित न रखा जाए। समय-सीमा के भीतर ही सभी प्रकरणों को निराकृत कर लिया जाए। कलेक्टर ने कहा कि प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। संबंधितों के खिलाफ शिकायत प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही भी की जायेगी। इस दौरान बैठक में अपर कलेक्टर श्री अरविन्द पाण्डेय, श्री प्रकाश राजपूत सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं अन्य राजस्व अधिकारी मौजूद रहे।

- नामांतरण, डायवर्सन, भू-अर्जन, त्रुटि सुधार एवं सीमांकन जैसे प्रकरणों को प्राथमिकता से करें निराकृत



**अभिलेख दुरुस्तीकरण तय सीमा के भितर करें**

कलेक्टर ने आम नागरिकों की समस्या को ध्यान में रखते हुए लंबित राजस्व प्रकरणों को समय-सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रकरण निराकरण पश्चात उसका अभिलेख दुरुस्तीकरण भी तय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि छुटे हुए बच्चों के जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाने, आरबीसी 6-4 एवं फसल क्षति के प्रकरणों पर कार्ययोजना बनाकर मुआवजा प्रकरणों का गंभीरतापूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिये।

**भूमि आवंटन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा**

इस दौरान कलेक्टर ने बैठक में मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से प्राप्त आवेदनों, आरबीसी 6-4 के तहत प्रकरणों की स्थिति एवं लंबित मुआवजा, अतिक्रमण, बेदखली पर कार्यवाही की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने जिले में आय, जाति, निवास, जन्म प्रमाण पत्रों का सेचुरेशन अभियान, मसाहती, असर्वेक्षित ग्रामों का सर्वेक्षण, डिजिटल हस्ताक्षर पटवारी की डिजिटल हस्ताक्षर से अभिलेखों के सत्यापन की स्थिति, आधार प्रविष्टि की स्थिति, भू नक्शा अद्यतीकरण, राजस्व अभिलेखों में त्रुटि सुधार, भू-बंटन रिकार्ड दूरूस्ती, वन अधिकार पट्टा के लिए आवेदन, हाईकोर्ट में लंबित प्रकरणों, शासकीय विभागों को भूमि आवंटन के लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। अवैध निर्माण के नियमितीकरण के लिए पूर्व में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति, अवैध कॉलोनी निर्माण पर कार्यवाही एवं प्रकरण दर्ज की जानकारी सहित अन्य राजस्व प्रकरणों की अनुविभागवार गहन समीक्षा की।

## उपायुक्त ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का किया औचक निरीक्षण



**छुरा।** आदिम जाति कल्याण विभाग के उपायुक्त लेखराम कुर्रे ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोसमबुडा, छुरा गरियाबंद का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव ने श्री कुर्रे और उनकी टीम के सदस्यों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। श्री कुर्रे ने विद्यालय के 10वीं और 12वीं के छात्रों के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शानदार परिणाम के लिए प्राचार्य और शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने भविष्य में और बेहतर परिणाम आने की उम्मीद जताई। उपायुक्त ने विद्यालय में शिक्षकों के रिक्त पदों की जानकारी मांगी और उन्हें यथाशीघ्र भरने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। इसके अलावा, उन्होंने विद्यालय में छात्रों के रिक्त संख्या की जानकारी मांगी और उन्हें लेटरल एंट्री के माध्यम से भरने का निर्देश दिया। श्री कुर्रे ने विद्यालय के इन्फ्रास्ट्रक्चर को लेकर प्राचार्य के साथ लंबा संवाद किया। उन्होंने बच्चों के खेल कूद के मैदान और लैब के निर्माण की गति को तेज करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने विद्यालय में हाइ मास्क सोलर लाइट के प्रबंध और असेंबली हॉल के निर्माण के लिए आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। उपायुक्त ने विद्यालय में साफ-सफाई और प्रबंधन की स्थिति पर संतोष प्रकट किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव ने श्री कुर्रे और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया।

## नवापारा पीएमश्री स्कूल में समर कैंप का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम



पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला सोमवारी बाजार नवापारा में मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ समर कैंप का शुभारंभ किया गया। समर कैंप का उदघाटन वार्ड क्रमांक 15 एवं 16 के पार्षद नम्मू ठाकुर, पार्षद प्रतिनिधि धीरज साहू, स्कूल समन्वयक विनोद साहनी, व्याख्याता अशोक साहू के आतिथ्य में संपन्न हुआ। संस्था के प्रधानपाठक युगेंद्र खेलारे एवं समर कैंप प्रभारी शिक्षिका अरुणा नारंग, कविता चक्रधारी, शिक्षक पुष्पेंद्र साहू उपस्थित थे। समर कैंप के पहले दिवस सुबह 7.30 बजे प्रथम कालखंड में कंप्यूटर शिक्षक किशन ठाकुर अतिथि द्वारा कंप्यूटर की सामान्य जानकारी बच्चों को दी गई जिसमें कंप्यूटर क्या है? कंप्यूटर का उपयोग लैपटॉप को कैसे ऑपरेट किया जाता है आदि विस्तारपूर्वक बताते हुए बच्चों से अभ्यास भी कराया गया। द्वितीय कालखंड में स्पोकन इंग्लिश में सामान्य परिचय इंट्रोडक्शन शिक्षिका चाहत गोविंदानी अतिथि द्वारा बच्चो से आपसी बातचीत की गई। इसमें बच्चों द्वारा अपना नाम, माता-पिता का नाम, मित्र का नाम ,कक्षा-विद्यालय का नाम, हॉबी, इंट्रेस्ट को बच्चो को कैसे प्रस्तुत करना है, उसका अभ्यास कराया गया। तृतीय एंड चतुर्थ कालखंड में मास्क मेकिंग स्टिक पुपेट बच्चो से बनवाया गया। इसके लिए बच्चो को पहले से ही तैयार प्रिंट चित्र पेपर देकर रंग भराया गया। फिर रंगीन चित्र को गट्टे में तथा ड्राइंग शीट में चिपकाकर स्टिक लगाकर मुखौटा बनाना सिखाया गया एवं कहानी निर्माण में मुखौटे का उपयोग करना बताया गया। इसमें स्कूल के सभी शिक्षिका अरुणा नारंग, कविता चक्रधारी पुष्पेंद्र साहू की भागीदारी रही। प्रथम दिवस समर कैंप में 36 बच्चे एवम अंगतुक अतिथि की संख्या 8 रही।

## कुमकुम भारतीय खेल प्राधिकरण के उत्कृष्टता केंद्र में लेंगी विशेष प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



नगर की महिला एथलीट राष्ट्रीय खिलाड़ी कुमकुम ध्रुव का भारतीय खेल प्राधिकरण साई के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र औरंगाबाद के लिए चयन किया गया है। वेटलिफ्टिंग खेल के लिए उन्हें बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विद्यापीठ परिसर में 1 से 6 जून 2025 के बीच प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होगी। पश्चात उन्हें आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा उनके रहने खाने व प्रशिक्षक का पूर्ण खर्च भारत सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। उनके खेल प्रदर्शन को उत्कृष्ट बनाने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय कोच के द्वारा दिया जाएगा एवं राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर दिया जाएगा, विदित हो कि जिला गरियाबंद भारोत्तोलन संघ के माध्यम से कुमकुम ध्रुव ने छत्तीसगढ़ महिला वेटलिफ्टिंग में प्रतियोगिता में शामिल होकर स्ट्रांग वूमेन का खिताब अपने नाम कर चुकी हैं शालेय खेल में छत्तीसगढ़ के लिए व वेटलिफ्टिंग खेल में पदक लाने वाली छत्तीसगढ़ की पहली महिला खिलाड़ी बनी साथ ही राष्ट्रीय महिला अस्मिता खेलो इंडिया में चार बार राष्ट्रीय पदक भुवनेश्वर कोलकाता इंदौर आदि स्थानों पर प्राप्त कर चुकी हैं अपने भार वर्ग में 5 वर्षों से छत्तीसगढ़ स्टेट चैंपियन रही है। वनांचल क्षेत्र में रहने वाली गरीब परिवार की प्रतिभावान खिलाड़ी को इस ऊंचाई तक पहुंचने में कितना संघर्ष करना पड़ रहा है यह समझा जा सकता है। इस प्रतिभावान खिलाड़ी को शासन प्रशासन से किसी प्रकार की मदद नहीं मिलती है फिर भी अल्प संसाधन एवं स्वयं के आत्मविश्वास और कड़ी मेहनत से उन्होंने भारतीय खेल प्राधिकरण साई में अपना दाखिला कराने में सफल रही है।



### श्री गोपाल गौशाला द्वारा निकाली गई यात्रा

**नवापारा-राजिम।** श्री गोपाल गौशाला द्वारा निकाली गई। गौ ग्राम जन-जागरण अभियान यात्रा पांच दिनों तक चली। जिसमें नवापारा नगर सहित पारागांव, घोंट, कोलियारी, लखना, चंपारण डगनिया, जौंदा, जौंदी, नवागांव, मंदलोर, सुंदरकेरा, परसदा छांटा, सोनेसिल्ली, आलेखूंटा, उमरपोटी, दादरझोरी, पिपरौद, तर्री, दुलना, पटेवा चिपरीडीह, डोंगीतराई, हसदा भ्रमण करते हुए आखिरी में कुर्रा गांव में शनिवार को समापन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर साध्वी प्रज्ञा भारती, अध्यक्षता पुष्पा साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में तर्री सरपंच लता सिन्हा, गिरधारी अग्रवाल अध्यक्ष गोपाल गौशाला, डॉ. राजेंद्र गदिया, गोपाल यादव, योगिता सिन्हा, तनु मिश्रा, किरण तिवारी शामिल थे।

## विदाई समारोह में रंजन सिंह का शाल-श्रीफल से हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला



टेंगनाबासा समिति में रंजनसिंह ध्रुव पदस्थ सेवानिवृत्त प्रबंधक का विदाई सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन समस्त फंड मुंशी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में रंजन सिंह ध्रुव को पीला का चावल टीका लगाकर एवं बुके और शाल श्रीफल व अनेक उपहार भेंटकर सम्मान किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नीलकंठ सिंग ठाकुर जिला यूनियन सदस्य, अध्यक्षता चमार सिंग ठाकुर अध्यक्ष टेंगनाबासा समिति, विशेष अतिथि लक्ष्मण नेताम मुख्य लिपिक,अश्वनी कश्यप आपरेटर जिला यूनियन गरियाबंद, सेवन लाल ध्रुव पूर्व अध्यक्ष टेंगनाबासा,प्रेमलाल नायक संचालक,मोहन लाल,दौलत राम मरकाम,धनेश ध्रुव, नसीरुद्दीन खान प्रबंधक आमझर, कार्तिक राम ध्रुव, कनसिंघी,प्रेमसिंह ठाकुर प्रबंधक हीराबतर,नोहर सिंग ध्रुव मुढ़ीपानी,गुलाबसिंग ठाकुर दुल्ला,मंचसीन थे।सर्व प्रथम रंजन के करिये मित्र नसरूद्दीन खान ने भावभीनी विदाई देते हुए कहा कि आप मार्गदर्शक थे ही अब आप हम सभी प्रबंधकों के प्रेरणा श्रोत रहेगे।वही प्रभारी प्रबंधक केशव यादव नै रंजन ध्रुव प्रबंधक की तरह फड़ मुंशी, संचालक सदस्यों, जिला के पदाधिकारियों से सहयोग की अपेक्षा की। वही जिला यूनियन के बाबू लक्ष्मण नेताम ने प्रबंधक रंजन ध्रुव के कार्यकाल की भूरी भूरी प्रशंसा की। मुख्य अतिथि नीलकंठ सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रबंधक रंजन ध्रुव सेवा से निवृत्त नहीं हुआ है बल्की वृहद् समाजसेवा के लिए प्रवेश हुआ है। इस मौके पर प्रमुख रूप से सेवक ठाकुर, खेमचंद, हेमलाल, टंकेश्वर, रेवाराम, भोजराम, राधेश्याम, घनश्याम, दिलेश, युगल, मानसिंग सहित टेंगनाबासा समिति के समस्त फंड मुंशी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत मोटरसायकिल रैली निकाली गई**

# सड़क हादसों से बचें, नियमों का करें सख्ती से पालन : एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में सोमवार को पुलिस विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के तहत बाईक रैली निकाली और लोगों को हेलमेट लगाने के साथ-साथ यातायात नियमो का पालन करने की अपील की गई। बस स्टैण्ड मैनपुर में विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गरियाबंद के पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सोमवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह को लेकर जो कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। निश्चित रूप से आने वाले समय में इसका बेहतर परिणाम सामने आयेगा उन्होने कहा की हम सबको यातायात नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है। लगातार दुर्घटनाएं बढ़ रही है और इसे रोकने की जिम्मेदारी हम सबकी है उन्होने शराब पीकर या नशा पान कर वाहन चलाने वालों पर अब सख्त कार्यवाही करने की बात कही है। यातायात नियमों के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए श्री राखेचा ने कहा की कहीं भी ट्रैफिक नियमो का कोई उल्लंधन किया जा रहा है तो उसका वीडियों बनाकर पुलिस को भेजे और तत्काल ईनाम पायें। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ फिल्म अभिनेता आकाश सोनी और अभिनेत्री ज्योत्सना ताम्रकार एडीशनल एसपी जितेन्द्र चन्द्राकर, डीएसपी गरीमा दादर, एसडीओपी पुलिस मैनपुर विकास पाटले, थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा, शोभा थाना प्रभारी जय सिंह ध्रुर्वे, थाना प्रभारी जुगाड़ यदुराम, थाना प्रभारी जितेन्द्र परिहार, बिन्द्रनवागढ़ भुनेश्वरी नरेटी, देवभोग थाना प्रभारी फैजल हुदा एवं परिवाहन विभाग के अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।






**निशुल्क लर्निंग लाईसेंस बनाने लगी रही भीड़**

पुलिस विभाग द्वारा मैनपुर मे थाना के सामने निशुल्क लर्निंग लाईसेंस बनाया जा रहा है। जहां भारी भीड़ लगी हुई है। साथ ही नेत्र परीक्षण भी किया जा रहा है। इस मौके पर प्रमुख रूप से तहसीलदार मैनपुर जी.एल साहू, सरपंच हनीता नायक, हनीफ मेमन, नंदकिशोर चौबे, वरिष्ठ व्यवसायी गफ्फू मेमन, हुलार ठाकुर, जाकिर रजा, सरपंच मैनपुर कला गज्जू नेगी, सरिता सेन, शेख हसन खान, रूपेश साहू, राधेश्याम पटेल, ईतेश सोनी, नरेश सिन्हा, दिनेश सिन्हा, भागवती श्रीवास्तव, मोहन कुशवाहा, पुलस्त शर्मा, सुनील पटेल, देवकी तिरधारी, तिरनाथ नायक, नंदकिशोर पटेल, बलदेव नायक, पारेश्वर नेताम, खेलन साहू, रामदास वैष्णव, सेवन पुजारी, लालाराम पटेल, मनोज पांडेय, तिजेश्वर सोनवानी, विनय साहू, जितेन्द्र साहू, संतोष साहू, संतोष ध्रुव, कैलाश ध्रुव, अजीत लाल, तीव सोनी इमरान खान, देवेन्द्र पटेल, अनुज कुटारे, अफजल खान, अयान, खेलन दीवान, सहित नगरवासी अंचलवासी सैकड़ो की संख्या में उपस्थित थे।

